सार-समाचार

श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलवाई

अंता (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी बारां, सहायक निर्वाचन अधिकारी अंता एवं ब्लाक स्वीप प्रभारी विकास अधिकारी अंता के सयुक्त निर्देशन में ब्लाक स्वीप टीम अंता ने अंता मजदूर स्थल पर श्रमिकों को मतदान की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई। उसके उपरांत पलायथा ग्राम के न्यून वोट मतदान केंद्र पर जन जागृति हेतु विशाल छात्र रैली निकाल कर लोगों को लोक सभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान का आग्रह किया। स्वीप टीम सदस्य ओम मेरोठा व सुरभि खंडेलवाल ने बताया कि नोडल कलस्टर पलायथा में प्राप्त सूचना अनुसार पिछले लोक सभा चुनाव में वोट प्रतिशत कम रहा। जिस हेतु स्वीप टीम ने बुधवार को खान की झोपड़िया गाँव के ग्रामीणों को शामिल करते हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गाँधी विद्यालय, संस्कृत विद्यालय के छात्र छात्राओ, महिला बाल विकास विभाग के कार्मिको, राजीविका के सदस्यों शिक्षको, ग्राम पंचायत के कार्मिको व ग्रामवासियों को साथ लेकर जागरुकता रैली निकाली गई। सहायक विकास अधिकारी चंद्र बदन गौतम ने सभी उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलवाकर शत प्रतिशत मतदान की अपील की। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी धनराज राठौर, समस्त विद्यालय के शिक्षको और आंगनबाडी कार्य कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी

बून्दी (निसं)। चम्बल भीलवाड़ा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत किए जा रहे संचालन एवं संधारण कार्य के तहत, संधारण कार्य के लिए 5 अप्रेल को सुबह 6 बजे से 7 अप्रेल सुबह 6 बजे तक 48 घंटों (दो दिन) का शटडाउन निर्धारित किया गया है। जिसकी सूचना अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड प्रथम भीलवाडा द्वारा प्राप्त हुई है। अधिशाषी अभियन्ता जनस्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड मनीष भटट् ने बताया कि पूर्व में यह शटडाउन 3 अप्रेल को प्रस्तावित था जिसे अपरिहार्य कारणों से 5 अप्रेल से किया गया है। जिसके कारण 5 अप्रेल को शाम 5 बजे से 7 अप्रेल शाम 5 बजे तक 48 घंटे (दो दिन) तक डाबी सहित बरड क्षेत्र के 35 ग्राम एवं 47 ढ़ाणियों की चम्बल पेयजल से होने वाली पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि डाबी सहित बरड़ क्षेत्र के 35 ग्राम एवं 47 ढाणियों के समस्त ग्रामवासियों से अनुरोध किया जाता है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेंवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

पांच प्रत्याशियों ने नामांकन भरे

कोटा, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव के लिए बुधवार 3 अप्रेल को 5 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये। अब तक कुल 12 प्रत्याशियों द्वारा 14 नामांकन दाखिल किये गये हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को 5 अभ्यर्थियों सोरज सिंह ने भीम ट्राईबल काँग्रेस पार्टी से, धनराज यादव ने बसपा से, एकता अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शाक्यवाल ने निर्दलीय के रूप में एक-एक नामांकन भरा। जबकि ओम बिरला ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में दो नामांकन पत्र दाखिल किए। रिटर्निंग अधिकारी कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने नामाकंन पत्र स्वीकार किये। इस तरह बुधवार को कुल 5 अभ्यर्थियों द्वारा 6 नामांकन पत्र भरे गये। लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रेल है। 5 अप्रेल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया

बून्दी (निसं)। जिला समान परीक्षा के वार्षिक परीक्षा 2024 के प्रश्न पत्रों में की गई अप्रत्यक्षित वृद्धि के संबंध में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जिलाध्यक्ष कविता जैन की अगुवाई में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष कविता जैन ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को जिला समान परीक्षा 2024 के संबंध में की गई पेपर की अप्रत्यक्षित वृद्धि के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि सत्र 2023-24 की अद्धर्वार्षिक परीक्षा के दौरान प्रति छात्र पेपर मूल्य 10 रुपये निर्धारित हैं। किंतु जिला समान परीक्षा केंद्र द्वारा वार्षिक परीक्षा के दौरान पेपर में 100 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए पेपर मूल्य प्रति छात्र 20 रुपए कर दिया गया है जो की पूर्ण रूप से असंवैधानिक है। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी व संगठन के सभी निजी विद्यालय इसका पूर्ण रूप से विरोध कर रहे हैं। ज्ञापन देने में ज्ञापन देने में जिला महामंत्री जेम्स पी थॉमस, लोकेश सुखवाल, अब्दुल वाजिद, सुरेंद्र तिवारी, शहर अध्यक्ष हरीश तिवारी, सीमा, विश्वनाथ भारद्वाज, पुरुषोत्तम मंगल, जावेद अहमद, महेश वर्मा आदि संचालक उपस्थित रहे।

नामांकन पत्र दाखिल किए

झालावाड़ (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बुधवार को झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 5 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत इण्डियन नेशनल कांग्रेस से उर्मिला जैन द्वारा दो तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पंकज कुमार द्वारा एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसके अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी से दुष्यन्त द्वारा भी दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। गौरतलब है कि दुष्यन्त द्वारा भारतीय जनता पार्टी से गत 2 अप्रेल को भी दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इस प्रकार लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान अब तक तीन अभ्यर्थियों द्वारा कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 4 अप्रेल नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है।

निर्धन को फलों से भरी ठेला गाड़ी सौंपी

बून्दी (निसं)। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा रोजगार अभियान के तहत एक निर्धन व्यक्ति बाबूलाल जी को फलों से भरी हुई ठेला गाड़ी दी गई। जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा मेघा नुवाल की अध्यक्षता में यह तीसरी ठेला गाड़ी है जो किसी निर्धन व्यक्ति को उसकी जीविका चलाने के लिए सौंपी गई। गौरतलब हैं कि बाबूलाल पिछले 30 साल से ठेला गाड़ी चलाते हैं उनकी ठेला गाड़ी टूट गई थी। जिसकी सूचना मिलने पर जेसी मंजू युगल एवं जेसी नेहा मंत्री द्वारा यह ठेला गाड़ी प्रायोजित करते हुए बाबू लाल को अपना रोजगार नियमित रख्खने के लिए सौंपी गई। इस कार्यक्रम में जेसी रुचिका महेश्वरी, सचिव प्रियंका कालिया मुंदड़ा, मौजूद रहे।

गोपाल यज्ञ आज

छबड़ा (निसं)। गोपाल यज्ञ अनुष्ठान गुरुवार को 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा, जिसमे श्रीगोपाल यज्ञ अनुष्ठान एवं मनोरथ के दर्शन होंगे। बल्लभ आश्रय सदन भंवरा कमेटी ने बताया कि गोपाल यज्ञ अनुष्ठान गुरुवार को 4 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा जो वल्लभ आश्रय सदन भोर पर आयोजित किया जाएगा और यह गोस्वामी मिलन कुमार के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आसपास के वैष्णव सम्मिलित होकर दर्शनों का लाभ प्राप्त करेंगे। गोपाल यज्ञ गोस्वामी, मिलनकुमार शुद्धाद्वैत द्वारा किया जाएगा।

शैतान सिंह जिला प्रभारी बने

बूंदी (निसं)। भाजपा एसटी मोर्चा के जिला प्रभारी पद पर शैतान सिंह को नियुक्त किया गया हैं। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने नैनवा पंचायत समिति सदस्य शैतान सिंह मीणा को एसटी मोर्चा का जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

शुक्रवार को नीलामी अवकाश

छबड़ा (निसं)। कस्बे की कृषि उपज मंडी में 5 अप्रैल को माँ कर्मा बाई जयंती के उपलक्ष में नीलामी कार्य बंद रहेगा। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के महामंत्री पुनीत गालव ने मंडी सचिव को लिखे पत्र में 5 अप्रैल को माँ कर्मा बाई जयंती के उपलक्ष्य में मंडी में नीलामी कार्य बन्द रखने की मांग की है।

सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त

झालावाड़ (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आईएएस आंचल गोयल को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजय सिंह राठौड ने बताया कि आमजन सामान्य प्रेक्षक से कालीसिंध थर्मल पॉवर परियोजना गेस्ट हाऊस में प्रातः 9 से 10 बजे तक मिल सकते हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन ने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया

झालावाड़ (निसं)। कांग्रेस पार्टी द्वारा झालावाड-बारां लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया द्वारा आज शुभ मुर्हूत में अपने समर्थकों के साथ झालावाड पहुंचकर लोकसभा सदस्य पद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बारां रामचरण मीणा एवं झालावाड जिलाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि झालावाड़ बारां लोकसभा क्षेत्र से उर्मिला जैन भाया को कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किया गया है। लोकसभा सदस्य पद हेतु चुनाव को लेकर उर्मिला जैन भाया द्वारा बुधवार को सुबह नामांकन दाखिल करने से पूर्व चैमुखा बाजार बारां स्थित गणेषजी मंदिर, राईस मिल वाले गणेष जी, श्री चन्द्रप्रभू जैन मंदिर, शहर के आराध्य श्री कल्याणरायजी मंदिर, गढ के गणेष जी झालावाड में पूजा अर्चना की गई तथा गायों को चारा एवं गुढ खिलाया तथा इसके उपरान्त शुभ मुहूर्त में प्रातः 11 बजे गांधीवादी तरीके से अपने समर्थकों के साथ निर्वाचन अधिकारी, झालावाड कार्यालय पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामाकंन पत्र जमा कराते समय पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया, विधायक खानपुर सुरेश गुर्जर, बारां जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल साथ में रहे। झालावाड से बारां लौटते वक्त खानपुर स्थित चांदखेडी तीर्थ पर भगवान आदिनाथ जयन्ती के अवसर पर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए।

झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से घोषित प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

उर्मिला भाया ने नामाकंन उपरान्त झालावाड के एक निजी होटल में बैठक आयोजित की जिसमें राज्य के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव हंसराज मीणा उदपुरिया, खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर, पूर्व विधायक बारां-अटरू पानाचन्द मेघवाल, पूर्व विधायक छबडा करणसिंह राठौड, किशनगंज की पूर्व विधायक निर्मला सहरिया, पूर्व जिला प्रमुख बारां भरत मारन सहित कांग्रेस के पीसीसी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के प्रमुख कृषि उत्पाद झालावाडी संतरे को कष्मीरी सेव और बारां के चावल को देहरादूनी बासमती चावल की तरह पहचाना दिलवाना, अफीम नीति में परिवर्तन करवाकर झालावाड-बारां के किसानों को अफीम के नये पट्टे दिलवाना, किसानों को अपनी कृषि उपज के लिए एमएसपी की गारण्टी दिलवाना, बारां-झालावाड़ के प्रमुख कृषि उत्पादों पर आधारित नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करवाकर किसान भाईयों को सम्बल प्रदान करना एवं युवाओं को रोजगार दिलवाना, महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को न्यूनतम ब्याज पर मदद करवाना, साथ ही अनुदान दिलवाना एवं नये समूहों का गठन करवाना, भवानीमण्डी, शिवपुरी के लिए नई रेलवे लाईन स्वीकृत करवाना, बारां-झालावाड जिले में सड़क, चिकित्सा, षिक्षा, सिंचाई, विद्युत एवं पेयजल आदि बुनियादी क्षेत्र विकास के पैकेज लागू करवाना, झालरापाटन के प्रख्यात चन्द्रभागा मेले और बारां के ऐतिहासिक डोल मेंले को राष्ट्रीय दर्जा दिलवाना, संसदीय क्षेत्र के बदहाल औद्योगिक क्षेत्रों को संवारना एवं अन्य नए उद्योग स्थापित करवाना उनकी प्राथमिकताओं में रहेंगे।

खुद के अपहरण की साजिश रचने वाली छात्रा को दस्तयाब किया

कोटा, (निसं)। अपने अपहरण की साजिश रचने वाली मध्य प्रदेश के शिवपुरी की 19 वर्षीय छात्रा को कोटा पुलिस ने इंदौर से दस्तयाब कर लिया है जिसे पुलिस कोटा लेकर आ रही है। विज्ञान नगर थाना अधिकारी सतीश चंद्र चौधरी का कहना है कि इंदौर पुलिस की मदद से इस पूरे मामले में उन्हें सफलता मिली है। यह लड़की इंदौर के बाहरी इलाके में रह रही थी।

लड़की को देर रात कोटा लाया जाएगा। इसके बाद उससे पूछताछ की जाएगी। पुलिस को जिस युवक पर शक है उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए कोटा से पुलिस टीम इंदौर के लिए रवाना हो गई है। लडकी के कोटा आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। बता दें कि 18 मार्च को मध्य प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने कोटा शहर पुलिस को बेटी के अपहरण होने और फिरौती मांगने की शिकायत दी थी। परिवादी ने बताया था कि उसकी बेटी कोटा में नीट की तैयारी निजी कोचिंग से कर रही है और एक हॉस्टल में रहती है। यहां से उसका अपहरण हो गया है। अपहरण करने वाले ने बेटी की फोटो भेजकर 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो यह मामला झूठा पाया गया।

कोटा पुलिस को जांच में पता चला कि लड़की कोटा में महज 3 दिन रुकी थी। इसके बाद वह यहां से चली गई थी और इंदौर में रह रही थी। लड़की पिछले 8 महीने से पिता को किसी अन्य नंबर से कोचिंग की अटेंडेंस और टेस्ट के मार्क्स भेजा करती थी ताकि उन्हें पता न चल सके। कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने इस पूरे मामले का खुलासा घटना के 4 दिन बाद ही कर दिया था। उन्होंने बताया था कि लडकी ने स्वयं अपने दोस्त के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया था। इसमें उसका एक अन्य दोस्त भी शामिल था जिस तक पुलिस पहुंच गई थी और उसने पुलिस की जांच में सहयोग भी किया था। जांच में सामने आया कि छात्रा विदेश में पढाई करने के लिए जाना चाहती है इसीलिए उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया था ताकि वह परिजनों से इस एवज में पैसा ऐंठ सकें।

जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली

भवानीमंडी (निसं)। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा भव्य शोभायात्रा, भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली ने बताया कि भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक के अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः काल अभिषेक, शांतिधारा, पूजन की गई, जिसके पश्चात श्रीजी का सम्पूर्ण नगर में शोभायात्रा निकाली।

एस.डी.एम. ने बैठक ली

छबड़ा (निसं)। लोकसभा चुनाव के तहत स्वीप गतिविधियों को लेकर उपखण्ड कार्यालय में एसडीएम रामसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बारह बजे और पंचायत समिति सभागार में सायं चार बजे विकास अधिकारी हेमश्री पद्युम्न की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। यहां स्वीप गतिविधियों, जागरूकता कार्यक्रम सहित आगामी कार्ययोजना को लेकर समीक्षा की गई। स्वीप सदस्य व्याख्याता शंकरलाल नागर के अनुसार बैठक में मतदान केंद्रों पर वोट योद्धाओं की नियुक्ति, एलवीटीआर मतदान केंद्रों, हेला टोली की नियुक्ति, वोट योद्धाओं पर चर्चा के साथ-साथ विधानसभा 2023 और लोकसभा 2019 दोनों में जिन बूथ केंद्रों पर स्टेट औसत से कम मतदान हुआ, उनको लेकर विशेष कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई। यहां एसडीएम गुर्जर ने पंचायत मुख्यालयों एवं मतदान केंद्रों पर स्वीप गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। विकास अधिकारी पद्युम्न ने शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, बाल विकास विभाग आदि विभागो से अपने-अपने स्तर से स्वीप गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की।

संभागीय आयुक्त ने न्यू मेडिकल कॉलेज के वार्डों का निरीक्षण किया

कोटा (निसं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने बुधवार को न्यू मेडिकल कॉलेज का परिसर में श्वास रोग, अस्थि रोग कक्ष, प्लास्टर रूम, स्त्री रोग कक्ष, शल्य रोग कक्ष, पूछताछ कक्ष, पंजीकरण काउण्टर, ब्लड बैंक, आई.सी.यू.. आपातकालीन कक्ष, सी.पी.आर. कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्याओं के निराकरण के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया। सभी विभागों में काफी संख्या में रोगी आने, प्रतिदिन लगभग 4000 ओ.पी.डी. एवं प्रतिदिन 20 सर्जरी होना बताया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिले में संचालित अस्पताल एम.बी.एस, सुपर स्पेशियिलिटि हॉस्पिटल तथा जे.के. लोन के मरीज भी न्यू मेडिकल कॉलेज में ही एम.आर.आई. एवं सी.टी. स्कैन करवाने के लिए आते हैं। जबकि इस चिकित्सालय में एक ही एम.आर.आई. तथा एक ही सी.टी. स्कैन मशीन है जिससे रोगियों को औसतन 4-5 दिन का इंतजार करना

> ■ मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सभी चिकित्सालयों में सीटी स्कैन, एम.आर.आई. की सुविधा मिले

पड़ता है। संभागीय आयुक्त ने इस समस्या को गंभीरता को लेते हुए निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सभी चिकित्सालय प्रभारी प्रिंसीपल से वार्ता एवं समन्वय कर उक्त सभी अस्पतालों में एमआरआई एवं सीटी स्कैन की सुविधा शुरू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान शल्य कक्ष एवं फिजियोथेरेपी कक्ष में दीवारों पर सीलन तथा जगह-जगह प्लास्टर उतरा हुआ है।

रंग रोगन हुए काफी समय हो गया जिसके कारण काई जमी हुयी थी जिसे तुरन्त सही करवाने एवं वाईट कलर से पुताई करवाने के लिए चिकित्सालय अधीक्षक को निर्देशित किया। बाद निरीक्षण के दौरान वार्डो में प्रतिदिन बैड शीट रंग अनुसार बदलने का चार्ट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। रजिस्ट्रेशन काउण्टर पर चिकित्सक अनुभागों के नाम बडे अक्षरों में लिखने के लिए निर्देशित किया साथ ही काउण्टर पर लगी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि गार्ड की संख्या बढ़ाते हुए मरीजों को लाईन में उचित तरीके से रजिस्ट्रेशन काउण्टर पर पर्ची कटवाने के लिए खड़ा किया जाए। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के साथ केवल एक परिजन ही रूकें, अनावश्यक व्यक्तियों को बाहर भेजने के लिए निर्देशित किया। चिकित्सालय के वार्डों में एवं प्रत्येक तल पर पीने के पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिए। चिकित्सालय के अन्दर गैलरी में शौचालय को साफ सुथरा एवं गैलरी की साफ सफाई पूर्ण रूप से स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में कार्यरत स्टॉफ की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि ऐसा कोई भी कर्मचारी जिसको एक ही विभाग में 3 साल से अधिक हो गये हों उनको नियमानुसार बदलने के निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव के संबंध में बैठक ली

झालावाड़ (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव की तैयारियों के संबंध में विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सह प्रभारियों के साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सह प्रभारियों को उनके निर्वाचन संबंधी दायित्वों एवं कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने डाक मत पत्र प्रकोष्ठ के सह प्रभारी से डाक मत पत्र के वितरण की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए होम वोटिंग के लिए रूट चार्ट तैयार करवाने एवं रूट चार्ट के अनुसार मतदान दलों का गठन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियोग्राफी प्रकोष्ठ की प्रभारी को निर्देश दिए की निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगाए गए वीडियोग्राफर के कार्यों की व्यापक मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही कार्यस्थलों पर उनकी उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान उन्होंने चुनाव कार्य में यातायात व्यवस्था के लिए यातायात प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जिला परिवहन अधिकारी को मतदान दलों के परिवहन के लिए बसों की व्यापक व्यवस्था करने तथा होम वोटिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

न्यायालय सिविल न्यायाधीश, रामगंजमंडी
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओमप्रकाश, श्रीनाथ,पुष्पा बाई पिसरान स्व.रामलाल जाति महाजन निवासी बा.नं. 5, रामगंजमंडी ने इस न्यायालय में स्वयं के भाई पदम पुत्र स्व.रामलाल को 20 वर्ष से लापता होने के कारण मृतक घोषित करने हेतु आवेदन किया है। इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 04.07.2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

आज्ञानुसार
रीडर
सिविल न्यायाधीश
एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट
रामगंजमंडी जिला कोटा

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 21 रकबा 0.82 हैक्टर व खसरा नं. 24 रकबा 1.44 हैक्टर वाके ग्राम देवली अरब तहसील लाडपुरा जिला कोटा स्थित भूमि को कृष्णचन्द श्रृंगी पुत्र कल्याण प्रसाद के द्वारा भूखण्ड संख्या 50 सांईधाम नगर कोटा स्थित भूखण्ड को बेचने का इकरार अपने मुख्तार आम विश्वजीत चक्रवर्ती, अब्दुल सलाम, साबिर हुसैन व अटल गौड़ के माध्यम से महेश कुमार पुत्र रेलू मल के साथ किया है। महेश कुमार के द्वारा उक्त भूखण्ड को बेचने का इकरार सुरेश कुमार जोशी के साथ एवं सुरेश कुमार जोशी के द्वारा मिथलेश गुप्ता के साथ एवं मिथलेश गुप्ता के द्वारा अविनाश गोस्वामी के साथ उक्त भूखण्ड को बेचने का इकरार किया गया था, तत्पश्चात नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त भूखण्ड का पुनः आवंटन कर श्री अविनाश गोस्वामी पुत्र हरिसेन गोस्वामी के पक्ष में पट्टा विलेख जारी किया गया है जो दिनांक 13.03.24 को पंजीकृत है। अविनाश गोस्वामी के द्वारा उक्त भूखण्ड को बेचने का इकरार गुरप्रीत सिंह पुत्र चन्नन सिंह के साथ किया गया है। अतएव इस सूचना के द्वारा हर आम और खास को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में हुए इकरारनामों एवं नगर विकास न्यास द्वारा जारी किये गये पट्टा विलेख तथा गुरप्रीत सिंह द्वारा किये गये बेचाने इकरार के सम्बन्ध में किसी भी दीगर व्यक्ति/संस्था/कम्पनी को कोई जानकारी हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता को सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में लिखित में सूचित करे। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई भी आपत्ति मान्य एवं प्रभावी नहीं होगी।

दि. 3.4.2024 संदीप जैन, एडवोकेट
583-ए, तलवण्डी, कोटा मो.9829180432

जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव को हर्षोउल्लास से मनाया गया। बुधवार को दिगंबर जैन यात्रा संघ रामपुरा एवम दिगंबर जैन समाज रामपुरा द्वारा विशाल रथ यात्रा रामपुरा बडा जैन मंदिर से निकाली गई।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7.30बजे से विशाल रथ यात्रा के साथ हुआ।सोधर्म इंद्र का सौभाग्य श्री रिखब चंद , सुनीता, चांदवाड़ परिवार को मिला। हेमन्त बाकलीवाल रथ के सारथी बने। भगवान के चंवर ढुलाने का पुण्य संजय जैन पिड़ावा वाले,प्रदीप पाटनी और मनोज जी टोंगिया को प्राप्त हुआ। प्रचार मंत्री जिनेन्द्र पापड़ीवाल ने बताया कि जैन मुनि आदित्य सागर जी महाराज संघ भी रथ यात्रा में जुड़े सुन्दर से रथ में भगवान आदिनाथ को विराजमान कर रथयात्रा बड़ा मन्दिर रामपुरा से मोरी के हनुमान जी, हिंदू धर्मशाला ,आर्य समाज रोड़, रामपुरा मुख्य बाजार से लिंक रोड़ होती हुई गीता भवन पर संपन्न हुई।मार्ग में समाज बंधुओं द्वारा स्वागत द्वार लगाए गए और भगवान और मुनि श्री की आरती के साथ अगवानी की गई।

जुलूस में जैन दिव्य घोष महिला बैंड केसरिया साड़ी पहने और दो और अन्य बैंड,चार बग्गिया ,ढोल नगाड़े, भगवान आदिनाथ की झांकी ,और जिनवाणी मां रथ और अभिषेक जल के मंगल कलश लिए महिलाएं रथ यात्रा की शोभा बड़ा रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता भवन में अष्ट कुंवारियों के मंगलाचरण भक्ति नृत्य द्वारा किया गया। भगवान आदिनाथ जी के प्रथम जन्माभिषेक का सौभाग्य पारस जी छामुन्या परिवार एवम शांतिधारा का पुण्य राजेश माडिया परिवार ने लिया। मुनि संघ के चरण प्रक्षालन का सौभाग्य मनोज कुमार, सरिता कोठारी, रामपुरा कोटा निवासी को प्राप्त हुआ।

मुनि श्री को शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्री निखिलेश जी सेठी, कैलाश भवन परिवार एवम जैन दिव्य घोष महिला बैंड, रामपुरा को प्राप्त हुआ। भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव की विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि आदित्य सागर ने कहा कि जन्म जयंती मनाना तो बाहरी प्रभावना है, और उनके सिद्धांतों को गृहण कर अमल करना अंतरंग मन की प्रभावना है,तभी मानव जीवन सफल हो सकता है।

विचार गोष्ठी आयोजित

बून्दी (निसं)। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने बाल संरक्षण पर ग्राम स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन रामनगर में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक हुकुम चन्द जाजोरिया के निर्देशन, रामनगर सरपंच बबीता व पीईईओ चंन्दा शर्मा के आतिथ्य में किया गया। बाल संरक्षण पर विचार गोष्ठी मे परिता शर्मा व अर्चना मीणा ने बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा पर ध्यान देने, घर ,परिवार अथवा समाज मे हो रही बच्चों की उपेक्षा, शोषण, दुर्व्यवहार, हिंसा व जोखिम से सुरक्षित रखने तथा बाल संरक्षण में बच्चे को उस स्थिति में सहायता और पुनर्वास प्रदान करवाने जैसे चाइल्ड लाइन के कार्यों के बारे में बताया।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांकः 56 **जाहिर आम सूचना** दि.3.04.2024

आवास संख्या 2-च-20 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री लखीमल पुत्र श्री राझामल को किया गया था। श्री लखीमल की मृत्यु हो जाने के पश्चात् इस आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री लखीमल के नाम दिनांक 05.04.2002 को किया गया। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती कलादेवी पत्नी स्व. श्री गोरधन लाल आहूजा के नाम दिनांक 27.04.2005 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती कलादेवी पत्नी स्व. श्री गोरधन लाल आहुजा द्वारा दिनांक 19.05.2005 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती कलादेवी पत्नी स्व. श्री गोरधन लाल आहुजा की मृत्यु दिनांक 05.09.2010 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसों में श्रीमती तारा आहूजा पत्नी श्री दुन्नीचन्द पुत्री स्व. श्री गोरधन लाल, श्रीमती गुणवन्ती आहूजा पत्नी श्री हरीश खूबचन्दानी पुत्री स्व. श्री गोरधन लाल एवं श्री हर्षा पत्नी श्री नरेश पुत्री स्व. श्री गोरधन लाल द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 19.05.2016 को अपने भाई श्री दौलत कुमार आहूजा पुत्र स्व. श्री गोरधन लाल के पक्ष में किया गया। श्री दौलत कुमार आहूजा पुत्र स्व. श्री गोरधन लाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-च-20 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डी